मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 23/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --345/2025
23 जनवरी 2025
नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान, रांची
==================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी को उनकी 128 वीं जयंती पर किया नमन, दी श्रद्धांजलि

==================

◆ मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा- महान क्रांतिकारी और पराक्रमी नेताजी ने देश की आजादी की लड़ाई को दी थी नई ताकत

==================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा- झारखंड से नेताजी का रहा है गहरा रिश्ता, यहां के कई इलाकों से जुड़ी है उनकी यादें

==================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा- नेताजी के विचार और आदर्श आज भी लोगों के आत्मविश्वास और ताकत को बढ़ाने का कर रही कार्य

==================

महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 128 वीं जयंती पर आज उन्हें पूरा राष्ट्र नमन कर रहा है। यह दिवस "पराक्रम दिवस" के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। हमें इस बात का गर्व है कि हमारे बीच एक ऐसी विभूति एवं पराक्रमी पैदा हुए, जिन्होंने इस देश की आजादी की लड़ाई को नई ताकत दी थी। झारखंड, बिहार, बंगाल तथा उड़ीसा से नेताजी का खासा रिश्ता रहा है।

यहां के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां से उनकी कई यादें जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी के विचार और आदर्श आज भी लोगों की आवाज, आत्मविश्वास और ताकत को बढ़ाने का कार्य कर रही है । जब तक यह देश रहेगा, नेताजी का नाम अमर रहेगा। नेताजी को शत-शत नमन।

=================

#Team PRD(CMO)